दैनिक
# न्याय साक्षी



## संपादकीय

# काम के हों इंजीनियर

देश में इंजीनियरिंग शिक्षा की असलियत बयान करने वाली एक और रिपोर्ट सामने आई है। रोजगार का लेखा-जोखा करने वाली कंपनी एस्पायरिंग माइंड्स की एक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार देश के 80 प्रतिशत से अधिक इंजीनियर आज की कौशल केंद्रित अर्थव्यवस्था में नौकरी के लायक नहीं हैं। यह सर्वेक्षण 750 इंजीनियरिंग कॉलेजों के 1 लाख 70 हजार छात्रों के बीच किया गया। पता चला कि केवल 3 प्रतिशत इंजीनियरों के पास आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस और मोबाइल डिवेलपमेंट जैसे अधिक मांग वाले क्षेत्रों में नए-पुराने तकनीकी कौशल की जानकारी है। रिपोर्ट में भारतीय इंजीनियरों की बेरोजगारी की कुछ वजहों की ओर भी संकेत किया गया है। जैसे, भारत में एक से ज्यादा इंटर्नशिप करने वाले छात्र मात्र 7 प्रतिशत हैं जबकि 40 प्रतिशत इंजीनियरिंग छात्र सिर्फ एक इंटर्नशिप करते हैं। केवल 36 प्रतिशत ही अपने कोर्स से परे कोई प्रॉजेक्ट करते हैं, नतीजा यह कि वे विभिन्न प्रकार की समस्याएं हल करने की योग्यता नहीं हासिल कर पाते।

कॉलेजों में व्यावहारिक ज्ञान कम और सैद्धांतिक ज्ञान ज्यादा दिया जाता है। 60 प्रतिशत शिक्षक औद्योगिक क्षेत्र के लिए जरूरी चीजों पर कोई बात नहीं करते और इंडस्ट्री पर बात केवल 47 प्रतिशत इंजीनियर करते हैं। बाकी बस किताबी ज्ञान हासिल कर परीक्षा दे देते हैं। यह तस्वीर वाकई निराशाजनक है।

हाल में कई और रिपोर्टें आई हैं जिन्होंने इंजीनियरिंग शिक्षा की कमियों की ओर इशारा किया है। पिछले एक-डेढ़ दशकों में देश में इंजीनियरिंग कॉलेजों की बाढ़ सी आ गई, जिनमें ज्यादातर को मोटी फीस से मतलब रहा। उन्होंने अपनी फैकल्टी को बेहतर बनाने की कोशिश ही नहीं की, सिर्फ डिग्री थमाकर निश्चिंत होते रहे। लेकिन इन डिग्रीधारकों को बाजार ने अपने लायक नहीं समझा। इस तरह बेरोजगार इंजीनियरों की भीड़ बढ़ती गई।

साल 2016 में बीई/बीटेक के लगभग आठ लाख डिग्रीधारकों में से महज 40 फीसदी को कैंपस सिलेक्शन के जरिए नौकरी मिल सकी थी। इस क्रम में छात्रों का इंजीनियरिंग से मोहभंग होता जा रहा है। बीई/बीटेक की लगभग 15.5 लाख सीटों में 51 फीसदी 2016-17 में खाली रह गईं। एस्पायरिंग माइंड्स का सुझाव है कि पहले साल से ही इंजीनियरिंग कॉलेजों को छात्रों की रोजगारपरकता का आकलन शुरू कर देना चाहिए। उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्रों को कुशल बनाने के लिए कार्यक्रम आधारित प्रशिक्षण योजना बननी चाहिए। इंटर्नशिप कार्यक्रमों को बढ़ावा मिलना चाहिए।

# बैंक फर्जीवाड़ा मामले में भूषण स्टील के ठिकानों पर सीबीआई ने की छापेमारी




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने 2,348 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के मामले में शनिवार को कई शहरों में भूषण स्टील ऐंड पावर के ठिकानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद यह कार्रवाई की गई है।

उन्होंने बताया कि दिल्ली-एनसीआर, चंडीगढ़ और कोलकाता सहित कई शहरों में कंपनी के निदेशकों, प्रवर्तकों और कर्मचारियों के कार्यालयों व रिहायशी ठिकानों की तलाशी ली गई। जांच एजेंसी ने कंपनी, उसके निदेशकों, अज्ञात सरकारी कर्मचारियों तथा अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा, आरोप है कि बैंकों/ वित्तीय संस्थानों/ सरकारी कोष को चूना लगाने के लिए आरोपियों ने सरकारी कर्मचारियों और अन्य लोगों के साथ मिलकरआपराधिक साजिश को अंजाम दिया। आरोप है कि कंपनी के निदेशकों ने अपनी कंपनियों और मुखौटा कंपनियों के जरिये बैंकों की भारी रकम का हेरफेर किया।

कंपनी ने रिपेमेंट में जानबूझकर डिफॉल्ट किया और अवैध कर्ज लिया, जिससे बैंकों को 2,348 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

# अब बिना खाता के पीएनबी बैंक में बनवाए एटीएम कार्ड

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश के किसी भी बैंक में खाता होने पर पर ही कस्टमर को एटीएम कार्ड दिया जाता है। लेकिन पंजाब नेशनल बैंक अपने ग्राहकों के लिए एक खास सुविधा लेकर आया है। पीएनबी में आप बिना खाता खुलवाए एटीएम कार्ड बनवा सकते है। बिना खाता खुलवाए पीएनबी बैंक से इशू होने वाला एटीएम कार्ड प्रीपेड कार्ड होगा, जिसको पहले रिर्चाज करना होगा और फिर आप उसकों इस्तेमाल कर सकते है। इसके लिए बैंक में खाता होना जरूरी नहीं है। पीएनबी के इस प्रीपेड कार्ड का नाम सुविधा कार्ड है। सुविधा कार्ड की खासियत यह है कि इसे आप अपनी जरूरत के हिसाब से ही इस्तेमाल कर पाएंगे। यानी इसमें उतने ही पैसे रहेंगे, जितना आप चाहते हैं। इसे न्यूनतम 500 रुपये से लेकर अधिकतम 50,000 रुपये तक रिचार्ज करा सकते हैं। सुविधा कार्ड की वैधता 3 वर्ष के लिए होगी। इस प्रीपेड कार्ड को बनवाने के लिए पीएनबी में केवाईसी करानी होगी। सुविधा प्रीपेड कार्ड बाजारों के साथ ही स्वैप मशीनों में भी मान्य होंगे। इसे आप आनलाइन शापिंग आदि में भी इस्तेमाल कर सकते है।

# वित्त वर्ष 2018-19 की चौथी तिमाही में टाटा स्टील का उत्पादन 46 फीसदी बढ़ा

**मुंबई (आरएनएस)।** टाटा स्टील ने शनिवार को कहा कि वित्त वर्ष 2018-19 की चौथी तिमाही में उसके भारतीय कारोबार में कच्चे इस्पात का उत्पादन पिछले साल के मुकाबले 46 फीसदी बढ़कर 44.7 लाख टन हो गया। कंपनी के कहा कि चौथी तिमाही में बिक्री पिछले साल की चौथी तिमाही के 30.3 लाख टन से 56 फीसदी बढ़कर 47.3 लाख टन हो गई, जोकि तिमाही आधार पर 22 फीसदी ज्यादा है। कंपनी ने कहा, भारतीय कारोबार में कच्चे इस्पात का उत्पादन वित्त वर्ष 2019 की चौथी तिमाही में उच्चतम स्तर पर चला गया।

अस्थाई आंकड़ों के अनुसार, टाटा स्टील के भारतीय कारोबार में कच्चे इस्पात का उत्पादन 2018 के 124.8 लाख टन के मुकाबले 2019 में 35 फीसदी बढ़कर 167.9 लाख टन रहा।

# अब व्हाट्सएप पर रोका जा सकेगा ज्यादा फॉरवर्ड किया जा रहा मैसेज

## जल्द आ रहा फीचर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** व्हाट्सएप अपने प्लेटफॉर्म पर फर्जी खबरों को कम करने की कोशिश के तहत अपनी ग्रुप सेटिंग में एक नए फीचर का परीक्षण कर रहा है, जिससे यूजर्स को ज्यादा फॉरवर्ड किए गए मैसेज को रोकने में मदद मिलेगी।



फेसबुक के अधिग्रहण वाला प्लेटफॉर्म पहले ही दो ऐसे फीचर्स पर काम कर रहा है जो इसके 1.5 अरब यूजर्स को यह जानने में मदद करेगा कि यह मैसेज कितनी बार फॉरवर्ड किया जा चुका है। व्हाट्सएप अपडेट बताने वाली वेबसाइट वाबीटाइंफो डॉट कॉम ने कहा कि फॉरवर्डिंग इंफो और फ्रीक्वेंटली फॉरवर्डेड फीचर्स फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं लेकिन व्हाट्सएप एंड्रोएड के लिए अपने बीटा अपडेट पर इन फीचर्स पर काम कर रहा है। इसके अनुसार, व्हाट्सएप अब 2.19.97 बीटा अपडेट में ग्रुप्स में एक नए फीचर का परीक्षण कर रहा है जो यूजर्स को ग्रुप में सबसे ज्यादा फॉरवर्ड किए गए मैसेज को रोकने की सुविधा देगा। यह विकल्प ग्रुप सेटिंग्स में मिलेगा और सिर्फ इसके एडमिन इसे देख सकेंगे और इसे एडिट कर सकेंगे। यह फीचर आने के बाद कोई भी व्यक्ति ज्यादा फॉरवर्ड किए गए मैसेज को ग्रुप में नहीं भेज सकेगा। चार बार फॉरवर्ड होने के बाद कोई मैसेज इस श्रेणी में आ जाता है। व्हाट्सएप ने वर्तमान में भारत में एक मैसेज को फॉरवर्ड करने की अधिकतम सीमा पांच कर रखी है।

# आईपीएल-12 : पोलार्ड, जोसेफ ने दिलाई मुंबई को बेहतरीन जीत



**हैदराबाद (आरएनएस)।** केरन पोलार्ड और फिर अल्जारी जोसेफ की अगुआई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर मुंबई इंडियंस ने शनिवार को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 12वें संस्करण के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को एक कम स्कोर वाले मुकाबले में 40 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई एक समय 100-110 के आस-पास मुश्किल से जाती दिख रही थी लेकिन पोलार्ड ने अंतिम ओवरों में 26 गेंदों पर 46 रनों की पारी खेल मुंबई को 20 ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर 136 रनों का वो स्कोर प्रदान किया जिससे वो मैच में लड़ाई कर सके। पोलार्ड के बाद जोसेफ ने हैदराबाद के विकेटों की झड़ी लगा उसे 17.4 ओवरों में 96 रनों पर ढेर करने में अहम भूमिका निभाई।

जोसेफ का यह आईपीएल का पहला मैच था जिसमें उन्होंने 3.4 ओवरों में महज 12 रन और एक मेडन के साथ कुल छह विकेट अपने नाम कर मुंबई को शानदार जीत दिलाई। साथ ही वह आईपीएल के एक मैच में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करने वाले गेंदबाज भी बन गए हैं। उनसे पहले यह रिकार्ड राजस्थान रॉयल्स के सोहेल तनवीर के नाम था जिन्होंने चार ओवरों में 14 रन देकर छह विकेट लिए थे। आसान से लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद को डेविड वार्नर (15) और जॉनी बेयरस्टो (16) ने तेज शुरुआत जरूर दी, लेकिन यह दोनों ज्यादा देर तक विकेट पर पैर नहीं जमा सके। बेयरस्टो लेग स्पिनर राहुल चाहर की गेंद को जोर से मारने के प्रयास में चौथे ओवर की चौथी गेंद पर 33 के कुल स्कोर पर जसप्रीत बुमराह के हाथों लपके गए।

# तीन हजार सैटलाइट्स के जरिए हाई स्पीड इंटरनेट देगा ऐमजॉन

**सैन फ्रांसिस्को (आरएनएस)।** तकनीकी क्षेत्र की बड़ी कंपनी ऐमजॉन सैटलाइट्स के जरिए हाई स्पीड ब्रॉडबैंड इंटरनेट उपलब्ध कराने की तैयारी में है। इसके लिए अमेरिकी कंपनी अतंरिक्ष में 3000 सैटलाइट्स का नेटवर्क स्थापिक करेगी।




दुनिया के सबसे अमीर बिजनसमैन जेफ बेजॉस ने अपने स्पेस वेंचर के तहत प्रॉजेक्ट कुईपर की योजना तैयार की है। इसके तहत 3,236 सैटलाइट्स का एक नेटवर्क स्पेस में तैयार किया जाएगा और फिर इनके जरिए दुनिया के उन क्षेत्रों में हाई-स्पीड इंटरनेट की सेवा दी जाएगी जहां अभी इसका अभाव है। हाल के दिनों में ऐमजॉन ने प्रॉजेक्ट में जॉब्स के लिए ऐड भी निकाला है।

ऐमजॉन के इस प्रॉजेक्ट के बारे में सबसे पहले तकनीकी खबरों से जुड़ी बेवसाइट गीकवायर ने खबर दी थी। उसने अमेरिकी विनियामक को दी गई अर्जी के हवाले से बताया था कि इस परियोजना को पूरा करने में अरबों डॉलर का खर्च आएगा। ऐमजॉन ने बताया, प्रोजेक्ट कुईपर नया कदम है। इसके तहत पृथ्वी की निचली कक्षा में उपग्रहों की एक सीरीज स्थापित की जाएगी। इसके जरिए उन क्षेत्रों में हाई स्पीड इंटरनेट मुहैया कराया जाएगा जहां तक उसकी पहुंच नहीं है या कम है।

# अलजारी ने दमदार गेंदबाजी की : रोहित

**हैदराबाद (आरएनएस)।** मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद तेज गेंदबाज अलजारी जोसफ की प्रशंसा की। वेस्टइंडीज के 22 वर्षीय जोसफ ने मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 रन देकर छह विकेट लिए और अपनी टीम को जीत दिलाई।

मैच के बाद रोहित ने कहा, अलजारी ने अपने पहले ही मैच में दमदार गेंदबाजी की। सीपीएल (कैरिबियन प्रीमियर लीग) में खेलने से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वे उसका यहां भी उपयोग कर रहे हैं। जोसफ ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से सोहेल तनवीर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने पहले सीजन में 14 रन देकर छह विकेट चटकाए थे। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 136 रन जड़े और फिर उसे डिफेंड करने में कामयाब रहे।

रोहित ने तीसरी जीत पर कहा, हां, मैं बहुत खुश हूं। मैच जीतना बेहतरीन रहा। मैंने सोचा था कि 136 बड़ा स्कोर नहीं है, लेकिन हमने सही इलाकों में गेंदबाजी की। हम आखिरी गेंद तक मैच में बने हुए थे।



रोहित ने कहा, पिच कवर के नीचे थी और वहां बारिश भी हुई थी इसलिए हम जानते थे कि 140 को स्कोर डिफेंड हो सकता है क्योंकि हमारी गेंदबाजी अच्छी है।मुंबई की टीम तालिका में फिलहाल, चौथे नंबर पर काबिज है।

# एनआईआईटी में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी 2,627 करोड़ रुपये में खरीदेगी बेरिंग प्राइवेट इक्विटी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** बेरिंग प्राइवेट इक्विटी एशिया (बीपीईए) से जुड़े कोष आईटी सेवा कंपनी एनआईआईटी टेक्नोलॉजीज में करीब 30 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण 2,627 करोड़ रुपये में करेंगे। बीपीईए यह अधिग्रहण एनआईआईटी लि. और उसकी अन्य प्रवर्तक इकाइयों से करेगी। इस सौदे के तहत बीपीईए खुली पेशकश भी लाएगी। इसके तहत वह एनआईआईटी के सार्वजनिक शेयरधारकों से खुली पेशकश के तहत 26 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीदेगी। इस तरह सौदे का कुल मूल्य 4,890 करोड़ रुपये बैठेगा। एनआईआईटी टेक्नोलॉजीज ने बंबई शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा कि बेरिंग प्राइवेट इक्विटी एशिया से संबद्ध कोषों ने एनआईआईटी लि. और अन्य प्रवर्तक इकाइयों से 1,394 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर करीब 1.88 करोड़ शेयरों की खरीद के लिए पक्का करार किया है।

# आज का राशिफल

**मेषः-** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा, आप तन-मन से स्वस्थ होकर कार्य कर पाएंगे जिससे कार्य में उत्साह एवं ऊर्जा का अनुभव होगा।

**वृषभः-** आज आपका दिन अस्वस्थता और बेचैनी के साथ बीतेगा, किसी का भला करने पर आप पर विपत्ति आ सकती है, पैसों का लेन-देन न करें।

**मिथुनः-** आज आपका दिन विशेष लाभदायी है, निवेश, व्यापार, नौकरी, विद्या सभी क्षेत्रों में आज लाभ ही लाभ के संकेत हैं, सभी कार्य फलीभूत होंगे।

**कर्कः-** आप आज हर काम सरलता से संपन्न कर पाएंगे, नौकरी में आपके उच्च पदाधिकारी खुश रहेंगे, कार्य की व्यस्तता एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**सिंहः-** भाग्य के साथ पूर्वनिर्धारित कार्य की तरफ आज आपको प्रयास करना होगा, धार्मिक एवं मांगलिक कार्यों में व्यस्त रहने की संभावनाएं बन रही हैं।

**कन्याः-** आज के दिन किसी भी नए कार्य का श्रीगणेश न करें, स्वास्थ्य का ध्यान रखें, यात्रा से परहेज करें, वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं।

**तुलाः-** आज आपका दिन आनंद में बीतेगा, मान-सम्मान में वृद्धि, जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। प्रिय व्यक्ति की राय पर विशेष ध्यान दें।

**वृश्चिकः-** सुख शांति और आनंद का वातावरण बना रहेगा, शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी, अधूरे कार्य संपन्न होंगे, कोई शुभ सूचना मन को प्रसन्न रखेगी।

**धनुः-** आज साहित्य एवं कला में आपकी रुचि रहेगी, मन में कल्पना की तरंगें उठेंगी, बौद्धिक चर्चाओं में भाग अवश्य लें।

**मकरः-** आज आपकी मनः-स्थिति नकारात्मकता ला सकती है। मन को सबल रखें, परिवार में क्लेशमय वातावरण से मन खिन्न रह सकता है।

**कुंभः-** मानसिक रूप से आज आप बहुत हल्कापन महसूस करेंगे, आपके मन पर छाए हुए चिंता के बादल हटने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी।

**मीनः-** आज रुका हुआ धन आपको अवश्य प्राप्त होगा, धन निवेश के लिए भी दिन लाभकारी, स्वयं पर विश्वास रखकर ही आज कार्यों को क्रियान्वित करें।

# जानिये बादाम कतली बनाने की विधि...



## सामग्री-

बादाम -1 कप (150 ग्राम), चीनी पाउडर-1 कप (150 ग्राम), घी-2 बड़े चम्मच ,दूध- 1/2 कप, केसर -10-12 धागे, पिस्ता-2 बड़े चम्मच ( बारीक कटा हुआ)


## विधि

बादाम कतली रेसिपी बनाने के लिए सबसे पहले बड़े बर्तन में लगभग 2 कप पानी उबाल लें और उसके बाद उसमें करीब 5 मिनट के लिए बादाम को भिगो दें. अब इसके बाद एक छोटी कटोरी में दूध और केसर को मिक्स होने के लिए अलग रख दें और अब बादाम को गर्म पानी से निकालकर ठंडे पानी में डालें और इनके छिलकें अलग कर दें. इसके बाद एक मिक्सर की मदद से पीस कर पेस्ट बना लें और बादाम के पेस्ट में केसर वाला दूध डालकर अच्छे से मिक्स कर लें. अब इसके बाद पैन में घी गर्म करें, फिर उसमें बादाम का पेस्ट और चीनी डालकर चलाते हुए सुनहरा होने और गाढ़ा होने तक भून लें और जब बादाम कतली का मिश्रण गाढ़ा हो जाए तो उसे ठंडा होने के लिए अलग रख दें.अब इसके बाद एक बड़ी प्लेट या थाली पर घी लगाकर ग्रीस करके बटर पेपर लगाएं, फिर उसके बाद बादाम की कतली का मिश्रण डालकर एक चाकू की मदद से फैलाएं और इसके बाद मिश्रण को बेलन की मदद से हल्का दबाव बनाते हुए एक पतली शीट बनाकर सेट होने के लिए अलग रख दें. अब इसके बाद बादाम कतली पर पहले से कटे हुए पिस्ता से गार्निश करें और फिर चाकू की मदद से मनचाहें आकार में काट लें और तैयार बादाम कतली को एक प्लेट में रखें और मां दुर्गा को नवरात्रि को भोग लगाएं.

# शब्द सामर्थ्य-27

**बाएं से दाएं**
1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**
1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 26 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | दद्रू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

# सू-दोकू-27

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.26 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |